विरोध | प्रदर्शन के लिए हाईवे पर उतरे ग्रामीण,अब आश्वासन नहीं सड़क दो

# आजादी के बाद से सड़क से नहीं जुड़ा जलदामुड़िया गांव



**डिंडौरी, नवभारत 19 सितंबर।** आजादी के 79 साल बाद भी अगर किसी गांव के लोगों को पक्की सड़क के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर उतरकर चक्काजाम करना पड़े, तो यह सिर्फ सड़क की बदहाली नहीं, बल्कि जिम्मेदार तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी बड़ा सवाल है।

बताया जाता है कि जिला मुख्यालय से नजदीक जलदामुड़िया गांव के ग्रामीण शनिवार को इसी पीड़ा के साथ डिंडौरी-मंडला नेशनल हाईवे पर उतर आए। सुबह करीब 6 बजे शुरू हुआ चक्काजाम लगभग 10.30 से 11 बजे तक चला। ग्रामीणों का कहना था कि वर्षों से सड़क के लिए आवेदन, मांग और गुहार के बावजूद उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिले।

### बारिश में दलदल से पहुंचते हैं गांव

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि जलदामुड़िया को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली कच्ची सड़क बारिश में कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाती है। दोपहिया वाहनों की आवाजाही तक मुश्किल हो जाती है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को उठानी पड़ती है। करीब 1200 की आबादी वाले गांव के लिए सड़क अब सुविधा नहीं, बल्कि बुनियादी जरूरत बन चुकी है।

### चार घंटे हाईवे पर डटे रहे ग्रामीण

चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। मौके पर अधिकारियों ने कच्ची सड़क की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित विभाग द्वारा पंचनामा तैयार किया गया। अधिकारियों की ओर से जल्द सड़क निर्माण की कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया। निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे, थाना कोतवाली डिंडौरी ने बताया, 'जल्दामुड़िया के ग्रामीणों द्वारा मुख्य मार्ग से गांव तक सड़क की मांग को लेकर चक्काजाम किया गया था। मौके पर सीईओ, एसडीओपी, यातायात प्रभारी सहित अन्य अधिकारी पहुंचे थे। संबंधित विभाग द्वारा पंचनामा तैयार किया गया और ग्रामीणों को शीघ्र समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया गया।

### सांसद-विधायक और कलेक्टर तक गुहार



ग्रामीणों के मुताबिक सड़क निर्माण को लेकर सांसद, विधायक, कलेक्टर, एसडीएम और जिला पंचायत स्तर के अधिकारियों तक कई बार आवेदन दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद वर्षों से समस्या जस की तस बनी हुई है। भागरथ धोई, ग्रामीण महिला ने कहा हमें विवश होकर सड़क जाम करना पड़ा। हमें जब तक लिखित तौर पर नहीं मिलता, हम नहीं हटेंगे। वहीं हरिबती, ग्रामीण महिला ने कहा, 'सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश में बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। इधर लखन धूमकेती, ग्रामीण ने कहा, 'बहुत लंबे समय से सड़क की मांग कर रहे हैं। लगभग सभी अधिकारियों को आवेदन और प्रस्ताव दे चुके हैं।

# परियोजना अधिकारी को क्यों जारी नहीं किया नोटिस

## आंगनबाड़ी केंद्र असोढ़-2 में मिली भारी अनियमितताओं का मामला

नव भारत खबर का असर



**नवभारत चिल्हारी 19 सितंबर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत अमरपुर सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्र असोढ़-2 में मिली भारी अनियमितताओं के मामले में कलेक्टर राखी सहाय ने बड़ी कार्रवाई की है।

कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे, लेकिन सूत्र बताते हैं कि अभी तक उनके विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### पूरी मॉनिटरिंग व्यवस्था हो गई फेल

कलेक्टर ने परिक्षेत्र चिल्हारी की पर्यवेक्षक अभिलाषा सोधिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। उल्लेखनीय है कि इस संबंध मे संबंधित परियोजना अधिकारी राज नारायण सिंह पिछले लगभग 7 वर्षों से एक ही स्थान मानपुर में पदस्थ हैं। लंबे समय से एक ही जगह जमे रहने के कारण पूरी मॉनिटरिंग व्यवस्था फेल है, जिसका असर सीधे आंगनबाड़ी केंद्रों और योजनाओं पर पड़ रहा है।

### 7 साल से जमे अधिकारी को संरक्षण कौन दे रहा?

जब असोढ़ केंद्र में अनियमितता मिली, तो पर्यवेक्षक के साथ-साथ उसके सीधे प्रभारी परियोजना अधिकारी पर सस्पेंशन क्यों नहीं? क्या बिना अधिकारी की जानकारी के रजिस्टरों में हेराफेरी संभव है? 3 साल की तबादला नीति के बाद भी 7 साल से एक ही सीट पर जमे अधिकारी को संरक्षण कौन दे रहा है? नागरिकों ने परियोजना अधिकारी की 7 साल की पदस्थापना एवं विभागीय कार्यों की भी उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

# अवैध मदिरा और महुआ लाहन किया जब्त



### आबकारी विभाग की कार्रवाई

**नवभारत चिल्हारी 19 सितंबर।** जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी ममता अहिरवार के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त मानपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में कार्रवाई की गई ।

आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम बम्हनगवां, सिगुड़ी एवं असोढ में कार्रवाई करते हुए कुल 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 410 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 2.16 बल्क लीटर देशी प्लेन मदिरा जब्त की। कार्रवाई के दौरान कुल 3 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कायम कर विवेचना में लिए गए। जब्त मदिरा एवं सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 44,792 रुपये आंकी गई है।



# बांधवगढ़ में 'भारत राज पत्र' के नियमों की अनदेखी

## पार्क सीमा से सटकर निर्माणाधीन आधा सैकड़ा होटल सवालों के घेरे में

**नवभारत चिल्हारी 19 सितंबर।** बांधवगढ़ क्षेत्र में टाईगर रिजर्व की सीमा से लगे इलाकों में होटल और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय स्तर पर आरोप लगाया जा रहा है कि भारत राजपत्र में निर्धारित नियमों और प्रावधानों की अनदेखी करते हुए पार्क की बाउंड्री के आसपास करीब आधा सैकड़ा होटल संचालित अथवा निर्मित किए जा रहे हैं। इनमें से कई निर्माणों के लिए संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंचों द्वारा जारी प्रमाण पत्रों का सहारा लिया गया है।

**नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां-** मामले को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि निर्माण पार्क सीमा से एक किलोमीटर या उसके आसपास के संवेदनशील क्षेत्र में हो रहे हैं, तो क्या इनके लिए सभी आवश्यक विभागीय अनुमतियां और पर्यावरणीय प्रावधानों का पालन किया गया है? ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल पंचायत स्तर के प्रमाण पत्र के आधार पर इतने बड़े व्यावसायिक निर्माणों को वैध नहीं माना जा सकता।

**कार्रवाई को लेकर बच रहा वन और राजस्व विभाग-** स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे होटल निर्माण पर संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। वन एवं राजस्व विभाग की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण नियमों के अनुरूप हैं तो विभागों को अनुमति और दस्तावेज सार्वजनिक कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और यदि नियमों का उल्लंघन हुआ है तो जांच के बाद जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### इनका कहना है

पार्क सीमा के आस पास राजस्व में जहां भी अवैध निर्माण हो रहे हैं। हमारे रेंजरों ने प्रतिवेदन बनाकर एसडीएम कार्यालय को पहुंचा दिया है। इन हो रहे नव निर्माण पर कार्रवाई की जिम्मेदारी राजस्व की है।

**योहान कटारा,**
**डिप्टी डायरेक्टर बांधवगढ़**

निर्माणाधीन होटलों का मामला हमारे संज्ञान में आया है। हमनें निर्माण हो रहें कई होटलों की अनुमति मांगी है, लेकिन होटल मालिकों द्वारा अनुमति प्रदाय नहीं की गई है। इसकी रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को भेज दी गई है। वहां से जो आदेश होगा उसका पालन किया जायेगा।

**हरनीत कौर कलसी,**
**एसडीएम मानपुर**

# छात्रों ने जानी पुलिस की जिम्मेदारी और कार्यप्रणाली

## पॉक्सो एक्ट, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और यातायात नियमों, डायल-112 का मिला ज्ञान



**शहपुरा नवभारत 19 सितंबर।** पुलिस मुख्यालय की सामुदायिक पुलिस शाखा द्वारा संचालित युवा सृजन संवाद कार्यक्रम के तहत शनिवार को शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहपुरा में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कानून, सुरक्षा, नागरिक दायित्व और पुलिस की कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी आशीष खरे, एसडीओपी शहपुरा अजय तिवारी, थाना प्रभारी अनुराग जामदार, प्राचार्य साहू सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। विद्यार्थियों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के साथ पॉक्सो एक्ट, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा तथा यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने विद्यार्थियों से वन-टू-वन संवाद करते हुए उनकी जिज्ञासाओं और प्रश्नों को सुना तथा सरल तरीके से जवाब देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। इस दौरान विद्यार्थियों को पुलिस से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डायल-112 के माध्यम से आपात स्थिति में पुलिस की त्वरित कार्रवाई का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों को डायल-112 वाहन की कार्यप्रणाली समझाने के साथ वाहन का भौतिक अवलोकन भी कराया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को थाना शहपुरा का भ्रमण कराया गया।

# फॉरेंसिक वैन से अब घटना स्थल पर ही खुलेगा हत्या का राज

## अपराधों की तफ्तीश में होगी मदद,डीएनए तक की सूक्ष्म जांच संभव



**डिंडौरी, नवभारत 19 सितंबर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल की तकनीकी शाखा द्वारा जिले को उपलब्ध कराई गई अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन को शनिवार 19 सितंबर को पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वैन गंभीर आपराधिक वारदातों के घटनास्थल पर पहुंचकर वैज्ञानिक साक्ष्यों के त्वरित, व्यवस्थित और सुरक्षित संकलन में अहम भूमिका निभाएगी।इस मौके पर एसडीओपी डिंडौरी सतीश द्विवेदी, एसडीओपी बजाग विवेक कुमार गौतम, रक्षित निरीक्षक अखिल द्विवेदी, कोतवाली थाना प्रभारी दुर्गाप्रसाद नगपुरे, एमटीओ शंभू मरावी सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**मौके पर ही साक्ष्यों की होगी पड़ताल-** मोबाइल फॉरेंसिक वैन की मदद से घटनास्थल पर ही वैज्ञानिक साक्ष्यों का दस्तावेजीकरण, संग्रहण, संरक्षण, पैकेजिंग और आवश्यक प्राथमिक परीक्षण किया जा सकेगा। मोबाइल फॉरेंसिक वैन का इस्तेमाल हत्या, लूट, चोरी, नकबजनी, दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर आपराधिक मामलों तथा अज्ञात मृतकों से जुड़े घटनास्थलों के निरीक्षण में किया जाएगा। जिला वैज्ञानिक अधिकारी और विशेषज्ञ मौके पर उपलब्ध भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों को सुरक्षित तरीके से संकलित कर उनकी पैकेजिंग और जरूरी दस्तावेजीकरण कर सकेंगे।

**डीएनए से फिंगरप्रिंट तक अत्याधुनिक किट-** वैन में घटनास्थल के वैज्ञानिक निरीक्षण के लिए आधुनिक उपकरण और विभिन्न प्रकार की इन्वेस्टिगेशन किट उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें सीसीटीवी कैमरा एवं निगरानी उपकरण, लैपटॉप, प्रिंटर, डीएसएल कैमरा, डीएनए सैंपल कलेक्शन किट, फिंगरप्रिंट किट, सैंपल कलेक्शन एवं पैकेजिंग सामग्री तथा नारकोटिक्स डिटेक्शन किट प्रमुख हैं।



# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर बनाई रंगोली, जलाए दीप

### टिकरिया माल में दीपों से जगमगाया आंगनवाड़ी केंद्र

**शहपुरा नवभारत 19 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शहपुरा क्षेत्र के ग्राम टिकरिया माल में 'सेवा से संकल्प' कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, ग्रामीण महिलाएं एवं बच्चों ने सहभागिता की। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों ने आकर्षक रंगोली सजाई तथा दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को उत्साह के साथ मनाया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शोभा झारिया, रोहिणी झारिया एवं सहायिका सुनीता झारिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके सहयोग और मार्गदर्शन में समस्त ग्रामीण महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। महिलाओं एवं बच्चों की सहभागिता से कार्यक्रम को सामुदायिक स्वरूप मिला और आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# मोदी के नेतृत्व में देश सुपर पावर के रूप में उभर रहा : सिंह

## चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को विधायक ने किया सम्मानित



**नौरोजाबाद नवभारत 19 सितंबर।** जिले के नौरोजाबाद तहसील अंतर्गत शाउमावि पिनौरा में प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर चल रहे 'सेवा ही संकल्प' अभियान के अंतर्गत चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह द्वारा मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्य ममता सिंह द्वारा कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा चित्रकला के प्रतिभागियों के पास पहुंच कर उनसे संवाद कर उनके द्वारा विभिन्न विषयो पर बनाई गईं चित्रकला के प्रशंसा की।

**पीएम के कार्यों से विद्यार्थियों को कराया अवगत-** विधायक सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को भारत सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व हमारा देश सुपर पावर के रूप में उभर रहा है। अंत में विधायक द्वारा चित्रकला प्रतिभागियों एवं भाषण देने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति-** उक्त कार्यक्रम मे मुख्य रूप योगेश द्विवेदी, मैक्स साहू, ग्राम पंचायत पिनौरा की सचिव रानी सिंह, राजेंद्र विश्वकर्मा, नेम चंद्र गुप्ता, मदन सोनी, देवेंद्र सोनी विद्यालय की प्राचार्य ममता सिंह सहित समस्त विद्यालय के स्टाफ के सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मो . असलम शेर के जन्मदिन पर वितरित की शिक्षा सामग्री

**उमरिया नवभारत 19 सितंबर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवी मो. असलम शेर के जन्मदिन के अवसर पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान कार्यकर्ता रमपुरी वार्ड नंबर 5 स्थित सरैया टोला पहुंचे, जहां जरूरतमंद बच्चों के बीच कॉपी, पेन, पेंसिल, बिस्किट एवं मिठाई का वितरण किया गया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि मो. असलम शेर लगातार छात्र हितों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रिय रहते हैं। उनके जन्मदिन को केवल शुभकामनाओं तक सीमित नहीं रखते हुए जरूरतमंद बच्चों के बीच पहुंचकर शिक्षा सामग्री एवं मिठाई वितरित कर सेवा कार्य के रूप में मनाया गया।

सौगात | प्रदेशभर में 74 हजार से अधिक विद्यार्थियों को सौगात

# डिंडौरी के 126 मेधावी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिली स्कूटी



**डिंडौरी नवभारत 19 सितंबर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेशभर के लगभग 74 हजार से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसी क्रम में डिंडौरी जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रयपुरा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा जिले के 126 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित की गई। इस अवसर पर लगभग 1 करोड़ 18 लाख 20 हजार रुपये की राशि से विद्यार्थियों को स्कूटी का लाभ प्रदान किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते ने कहा कि डिंडौरी जिले में मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी का वितरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

### प्रतिभा का सम्मान-धुर्वे

विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने इस अवसर पर कहा कि मेहनत और प्रतिभा का सम्मान किया गया है और अब विद्यार्थियों के सपनों को मिलेगी नई उड़ान मिलेगी। शाहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि डिंडौरी जिले में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

जिले में वर्तमान में 79 हायर सेकेंडरी स्कूल हैं, जहां विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अच्छे भवनों के साथ महाविद्यालयों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार महत्वपूर्ण पहल की जा रही हैं। पहले लैपटॉप के लिए राशि का वितरण किया गया और अब मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की जा रही है। जिले में विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल भी बनाए गए हैं, जहां आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में शाहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, अनुसूचित जनजाति प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# टीबी मुक्त भारत बनाने कैडेट्स ने लिया संकल्प

### डिंडौरी महाविद्यालय में एनसीसी छात्रों को किया प्रशिक्षित



**शहपुरा नवभारत 19 सितंबर।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय शहपुरा में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 4 एमपी सीटीआर जबलपुर की प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमृता सिंह तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा से वरिष्ठ उपचार निरीक्षक सुशील गवले, डॉ. अशोक मरावी, डॉ. ललित झारिया, सुधीर नामदेव एवं अमित नामदेव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ कैडेट्स द्वारा लेफ्टिनेंट कर्नल अमृता सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर किया गया। वरिष्ठ उपचार निरीक्षक सुशील गवले डॉ. अशोक मरावी एवं डॉ. ललित झारिया ने टीबी के लक्षणों को पहचानने तथा बीमारी की स्थिति में समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के महत्व पर प्रकाश डाला।

**जांच की विधियां बताई-** इसके पश्चात अमित नामदेव ने टीबी की जांच प्रक्रिया, जांच के प्रकार एवं जांच कराने की विभिन्न विधियों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने समय पर जांच कराने के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन डॉ. ओपी पटेल द्वारा एवं समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सीएस परस्ते ने अतिथियों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्रभारी लेफ्टिनेंट सीपी भानुवंशी, सूबेदार रामश्रय, नायब सूबेदार एमके यादव, हवलदार हेसंत सहित एसबी उरेती, अनीता अग्रवाल, डॉ. किरण सिंह, डॉ. स्मिता, डॉ. अंजनी, केके मरावी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।